सं. यू.12012/42/2011-एनई
भारत सरकार, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(पूर्वोत्तर प्रभाग), निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 9 अगस्त, 2016

विषय: निदेशक, पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य और आयुर्विज्ञान (नीग्रीम्स), शिलांग के पद पर भर्ती

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्तशासी संगठन पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य और आयुर्विज्ञान संस्थान (नीग्रीम्स), शिलांग में निदेशक के पद पर 85,000/- रुपए अधिकतम वेतन के अध्यधीन 80,000/- (नियत) (एनपीए को हटाकर) के वेतन में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। सीधी भर्ती के लिए इस पर हेतु विहित आयु, शैक्षणिक अर्हताओं तथा अनुभव संबंधी अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं:-

क) आयु - सीधी भर्ती हेतु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए और (सरकारी कर्मचारियों के लिए नियमानुसार छूट)

ख) सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षणिक, अन्य अर्हताएं तथा अनुभव: -

i. भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1956 की पहली या दूसरी अनुसूची में या तीसरी अनुसूची के भाग-II में शामिल चिकित्सीय अर्हता (तीसरी अनुसूची के भाग-II में शामिल अर्हता धारक व्यक्ति इस अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (3) में विनिर्दिष्ट शर्तों को भी पूरा करता है)।

ii. मेडिसिन अथवा सर्जरी अथवा जन स्वास्थ्य के विस्तृत शीर्ष के तहत मान्यता प्राप्त सनातकोत्तर अर्हता।

iii. उम्मीदवारों को राज्य/केंद्रीय मेडिकल परिषद के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए।

अनुभव:

क) कम से कम चौदह वर्षों का अध्यापन और / अथवा अनुसंधान अनुभव।

ख) मेडिकल पेशे में 21 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव।

ग) चिकित्सा राहत, चिकित्सा अनुसंधान, चिकित्सा शिक्षा या जन-स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में विस्तृत व्यावहारिक और प्रशासनिक अनुभव और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक / शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख या विभागाध्यक्ष के रूप में संचालन का अनुभव। (अन्यथा सुयोग्य अभ्यर्थियों के मामले में केंद्र सरकार के विवेकानुसार अर्हताओं में छूट दी जा सकती है)।

इस पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पावधिक संविदा सहित)/आमेलन/सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना अपेक्षित है। प्रतिनियुक्ति (अल्पावधिक संविदा सहित)/आमेलन पर नियुक्ति केंद्र / राज्य सरकारों / स्वायत्तशासी संगठनों / अनुसंधान संस्थानों / विश्वविद्यालयों के निम्न अधिकारियों में से की जाएगी: -

क) मूल संवर्ग / विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारक; अथवा

ख) 22400-24500 (पूर्व-संशोधित) ग्रेड में दो वर्ष की अथवा 18400-22400 (पूर्व संशोधित) ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा अथवा नियमित आधार पर समकक्ष नियमित सेवा तथा सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए विहित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव धारक।

प्रतिनियुक्ति पर चयनित व्यक्तियों को सरकार के प्रतिनियुक्ति संबंधी सामान्य नियमों/आदेशों द्वारा शासित किया जाएगा। प्रतिनियुक्ति/अल्पावधिक संविदा की अवधि सामान्यत: 5 वर्ष है। निदेशक, नीग्रीम्स, शिलांक के पदधारक की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है।

आवेदन पत्र भेजने वाले प्रपत्र की प्रति अनुलग्नक-1 में दी गई है1 इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 26.09.2016 को अथवा इससे पहले अवर सचिव, भारत सरकार, कमरा नं. 331-सी, पूर्वोत्तर प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली - 110011 को अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपयुक्त माध्यम द्वारा अपने आवेदन पत्र भेज सकते हैं। देय तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी पहले से ही सेवारत है तो प्रायोजक विभाग आवेदन पत्र को उपर्युक्त तारीख के भीतर अभ्यर्थी के अद्यतन एसीआर डोजियर, कोई शास्ति नहीं संबंधी विवरण, सतर्कता क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ अग्रेषित कर सकता है।

हस्ताक्षरित/-

अवर सचिव, भारत सरकार

यह विज्ञापन संस्थान की वेबसाइट www.neigrihms.gov.in पर भी उपलब्ध है।

# प्रपत्र

(पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य और आयुर्विज्ञान संस्थान, शिलांग में निदेशक के पद के लिए अभ्यर्थी का नाम और अन्य विवरण)

1. नाम :
2. जन्म तिथि और --- को आयु :
3. मूल विभाग/संवर्ग में अधिवर्षिता की आयु :
4. वर्तमान पता :
5. क्या भारत के नागरिक हैं :
6. शैक्षणिक योग्यताएं :

(क) स्नातक

| उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्रयासों की संख्या | कॉलेज/विश्वविद्यालय जहां से स्नातक हैं। |
|---|---|---|
| | | |

(ख) स्नातकोत्तर

| उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्रयासों की संख्या | कॉलेज/विश्वविद्यालय जहां से स्नातक हैं। |
|---|---|---|
| | | |

7. विशेषज्ञता के क्षेत्र
8. अनुभव

(i) स्नातकोत्तर से पूर्व

| संस्थान का नाम जहां कार्यरत हैं | पदनाम और क्या नियमित हैं अथवा अन्यथा | दिनांक से | दिनांक तक | वेतनमान और आहरित वेतन | निष्पादित कर्तव्य और जिम्मेदारियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(ii) स्नातकोत्तर के बाद

| स्थान का नाम जहां कार्यरत हैं | पदनाम और क्या नियमित हैं या अन्य था | दिनांक से | दिनांक तक | वेतनमान तथा आहरित वेतन | निष्पादित कर्तव्य और जिम्मेदारियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(क) शिक्षण

(ख) अनुसंधान

(ग) प्रशासन

| जहां पर कार्यरत है उस स्थान का नाम | पदनाम और क्या नियुक्ति नियमित थी या अन्य | दिनांक से | दिनांक तक | वेतनमान तथा आहरित वेतन | निष्पादित कर्तव्य और जिम्मेदारियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

9. प्रकाशनों की पूर्ण सूची
   (यदि आवश्यक हो तो कृपया सूची संलग्न करें)
10. पुस्तकें, यदि कोई लिखी हों तो
11. पाठ्येतर गतिविधियां जैसे:- चिकित्सा सामाजिक कार्य, पत्रकारवादी चिकित्सा विषयों से संबंधित कोई अन्य साहित्यिक कार्यकलाप, खेलों को प्रोत्साहन तथा मनोरंजन गतिविधियां आदि।

12. पुरस्कार, विशेष सम्मान, आदि

    (क) स्नातक स्तर पर

    (ख) स्नातकोत्तर स्तर पर

13. राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सोसायटियों, अकादमियों की फेलोशिप/सदस्यता, आदि
14. अन्य कोई सूचना / उपलब्धि
15. वर्तमान पद और पदनाम (कब से धारित हैं)
16. वेतनमान
17. वेतन

स्थान:

तिथि:

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

पूर्ण विवरण सहित पूरा पता,

फोन/मोबाइल नं.:

ई-मेल आईडी: